## मतदाता जागरूकता का संदेश दिया

**अजमेर, (कासं)।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के अंतर्गत आयोजित की जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत बुधवार को सतरंगी सप्ताह कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में लोक नृत्य के माध्यम से आमजन को 26 अप्रेल को लोकसभा आम चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल व्यास ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सांसी बस्ती भगवानगंज में बैंगनी कलर थीम पर सतरंगी सप्ताह का शुभारम्भ हुआ। इसमें हम भी नाचेंगे गाएंगे वोट डालकर आएंगे नारे, प्रश्नोत्तरी, पजल के साथ मतदान की शपथ भी दिलवाई गई।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक ओम शंकर वर्मा, ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी डॉ. राकेश कटारा, अमृतलाल नाहरिया, प्रेमचन्द कुमावत, विजय सिंह मालावत, सुनिल मालावत, मूमल देवी, नीरू देवी नाहरिया, सरोज देवी, विद्या देवी सहित अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया रामनवमी का पर्व

- शहर में निकली शोभायात्रा, श्रीराम के जयकारों से गूंजा शहर
- नवरात्र समापन पर कन्याओं का किया पूजन

**अजमेर, (कासं)।** शहर सहित जिले भर में बुधवार को रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया। मंदिरों और घरों में हवन-यज्ञ के अलावा महाआरती हुई। लोगों ने भगवान राम के जयकारे लगाए।

राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा, महिलाओं द्वारा कलश यात्रा सहित विभिन्न मंदिरों में रामधुन संकीर्तन का कार्यक्रम हुआ, भक्ति गीत से शहर गुंजायमान रहा, शहर के कई क्षेत्रों में ढोल-ढमाकों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। बजरंगगढ़ सर्किल स्थित प्राचीन सीताराम मंदिर पर रामजन्मोत्सव एवं महाआरती का आयोजन हुआ। इसके साथ ही 9 दिवसीय नवरात्र के समापन पर घरों और मंदिरों में कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया और उपहार देकर आशीर्वाद लिया।

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी पर्व शहर भर के मंदिरों में धार्मिक आयोजन के साथ धूमधाम से मनाया गया। शहर के प्राचीन बजरंगगढ़ चौराहा स्थित श्री सीताराम मंदिर में बुधवार को दोपहर 12 बजे जन्म आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। घसेटी स्थित रघुनाथजी मंदिर में जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ठाकुर जी भगवान राम लक्ष्मण जानकी का श्रृंगार स्वर्ण आभूषण एवम विशेष पुष्पों द्वारा किया गया। दोपहर 12 बजे रामजन्म आरती नोपत नगाड़ों से की गई एवम प्रसाद पंजरी पंचामृत का भोग लगाकर वितरित किया गया।

शाम 4 बजे मंदिर मे भजनकीर्तन का आयोजन किया गया शाम को प्रभु की आरती के साथ भगवान श्रीराम के 56 भोग की झांकी सजाई गई। आगरा गेट रघुनाथ मंदिर, डिग्गी चौक के रामायण मंदिर तथा ऊसरी गेट के लक्ष्मणजी मंदिर में भी धार्मिक आयोजन हुए। इसके अलावा होलीदड़ा के नृसिंह मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, पट्टी कटला के लक्ष्मीकांत मंदिर, कायस्थ मोहल्ला और घी मंडी के चारभुजानाथ मंदिर, मेयो लिंक रोड स्थित प्राचीन चारभुजा नाथ मंदिर सहित अन्य कई मंदिरों में दोपहर 12 बजे रामलला की जन्म आरती के बाद प्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं में किया गया।

वेन एसोसिएशन की ओर से मिल्क रोज का वितरण किया गया। झांकियों का जुलूस - श्री चंद्रेश्वर महादेव प्रबंधकारिणी सभा की ओर से रामनवमी के मौके पर जुलूस निकाला गया। जुलूस में काली माता के अखाड़े शामिल हुए।

दोपहर 3 बजे जुलूस मंदिर से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होता हुआ सब्जी मंडी ईदगाह होता हुआ वापस मंदिर पहुंचा। जुलूस में विभिन्न झांकियां भी सजाई गई, जुलूस का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया, कई जगह पानी और शरबत आदि की व्यवस्था की गई। राम नवमी के राजावीर दरबार में धार्मिक आयोजन - राम नवमी के अवसर पर राजावीर साहिब दरबार एवं दुर्गा माता के मन्दिर आशागंज में रात्रि जागरण का आयोजन करके अष्ठमी की रात्रि में भी भक्तिरस के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, रात्रि जागरण में महन्त टहलगिरी गोस्वामी और भक्तियाणी रेखा गोस्वामी के नेतृत्व में दुर्गा माता की महिमा,राजवीर साहिब की महिमा और पूज्य झूलेलाल साहिब की महिमा में अनेक भजनो की प्रस्तुतिदी गई।

महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि राजावीर साहिब के दरबार में नवरात्रो के अवसर पर अनेक आयोजन निरन्तर व्रत पूजन करके आयोजित किए। ज्योति गोस्वामी, जानवी एवं उनकी मंडली के द्वारा नवमी बुधवार के अवसर पर भी रात्रि जागरण व भजन संध्या का आयोजन किया गया।देवताओ को प्रसाद के भोग के पश्चात कन्या भोज के पश्चात कविता डॉ.जयकुमार भारती के नेतृत्व में आम भंडारे लंगर प्रसादी का वितरण किया गया। विजय धनवानी, विजय लखपतवानी, नारी भोजवानी ने सेवाएं दी।

## होम वोटिंग में दिखा उत्साह

**अजमेर, (कासं)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा करवाई गई होम वोटिंग में बुधवार को मतदाताओं में भारी उत्साह नजर आया। रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि अजमेर संसदीय क्षेत्र में बुधवार के लिए चयनित 424 पात्रा मतदाताओं ने होम वोटिंग की। इनमें 334 वृद्धजन तथा 90 दिव्यांग मतदाता है। होम वोटिंग करने वालों में विधानसभा क्षेत्रा दूदू के 224 में से 198 वृद्धजन तथा 26 दिव्यांग, किशनगढ़ के 28 में से 16 वृद्धजन तथा 12 दिव्यांग, पुष्कर के 68 में से 48 वृद्धजन तथा 20 दिव्यांग, मसूदा के 12 में से 11 वृद्धजन तथा एक दिव्यांग एवं केकड़ी के 92 में से 61 वृद्धजन तथा 31 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घर पर मताधिकार का प्रयोग किया।

होम वोटिंग के लिए पात्रा मतदाताओं में से 11 मतदाताओं की मृत्यु हो गई थी। 94 वषीय शिक्षक नेता ने किया मतदान . वयोवृद शिक्षक नेता 94 वर्षीय संतोषचन्द्र सुराना ने मंगलवार को महावीर कॉलोनी स्थित अपने निवास पर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान किया।

# बैंड वादन के साथ सतरंगी सप्ताह का आरंभ

- शुक्रवार को ब्लड बैंक राजकीय अमृत कौर अस्पताल में मतदाता जागरूकता हेतु रक्तदान महादान आयोजन किया जाएगा

**ब्यावर, (निसं)।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम गौरव बुडानिया के नेतृत्व में लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो इसके लिए स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मेंबुधवार को एसडीएम परिसर में बैंड वादन के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश दिया गया और सतरंगी सप्ताह का आरंभ किया गया।

सतरंगी सप्ताह के तहत आज की थीम हम भी नाचेंगे गायेंगे,वोट डालकर आयेगे थी। एवम् आज की कलर थीम वायलेट रखी गई।स्वीप प्रभारी महेन्द्र सांखला ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी से यह अपील की जाती है कि 26 अप्रैल के दिन मतदान अवश्य करें। उन्होंने यह भी बताया कि उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रातः 8:30 से ब्लड बैंक राजकीय अमृत कौर अस्पताल ब्यावर में मतदाता जागरूकता हेतु रक्तदान महादान का विशेष आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी शहर वासियों की सहभागिता अपेक्षित है। सेक्टर प्रकोष्ठ प्रभारी पूनमचंद मेह ने बताया कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी की जनसहभागिता जरूरी है एवम सभी 12 दस्तावेजों की जानकारी दी कि अगर किसी भी मतदाता के पास इन 12 दस्तावेजों में से अगर कोई एक भी पास में हो तो मतदान किया जा सकता है। सेक्टर प्रकोष्ठ के सह प्रभारी अर्जुन सिंह कैन ने सभी ई सी आई ऐप्स की जानकारी दी। सुरेश चन्द फुलवारी ने बताया कि सतरंगी सप्ताह के दूसरे दिन यानी गुरुवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा जिसका आरंभ चांगेट से सांय 4 बजे किया जाएगा। इस रैली का संचालन अर्जून सिंह शारीरिक शिक्षक मंगल न्यूटन स्कूल के द्वारा किया जाएगा।

## कहार समाज ने रामनवमी पर निकाली शोभायात्रा

- शोभायात्रा के बाद प्रसादी का वितरण किया गया

**शाहपुरा, (निसं)।** रामनवमी के अवसर शाहपुरा के एकमात्र श्री राम भगवान मंदिर के पुजारी महंत सीताराम बाबा के नेतृत्व में सूर्यवंशी भगवान राम की कलश शोभा यात्रा जीवंत झाकिया एवम भगवा ध्वज के साथ राम भक्त एवम् श्रद्धालु चंद्रवंशी कहार समाज के हजारों नर नारी बच्चो द्वारा हर्षोल्लास वह धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई।

जानकारी के अनुसार चैत्र शुक्ल नवमी के अवसर पर उदयभान गेट पर स्थित श्री राम मंदिर में सकल कहार समाज द्वारा प्रात काल ब्रह्म मुहूर्त से मंदिर को विशेष सजाया गया। भगवान राम की प्रतिमा को श्रंगारिक कर रंगोली द्वारा भगवान राम का मनमोहक चित्र बनाया गया। पवित्र शंख और घंटी नगाड़ों की कर्णप्रिय मधुर धुन आवाज में एवम् वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन एवं आहुतियां विधिवत प्रदान की गई। श्री राम मंदिर के बाहर से विशाल भगवान राम दरबार राम सीता लक्ष्मण हनुमान राधा कृष्ण शिव पार्वती वानर सेना आदि की जीवंत झाकियों के साथ 251 कलश की शोभा यात्रा एवम् भगवान को बेवाण विमान में बिठाकर गाजे बाजे के साथ भगवान के जयकारों एवं गुलाब की पंखुडी की बारिश में शाहपुरा के उदयभान गेट शरबतविलास कलिंजरी गेट सिंचाई विभाग बाला जी की छतरी सदर बाजार त्रिमूर्ति चौराहे रामद्वारा बेगू चौराहा मुख्य मार्ग से होते हुए श्री राम मंदिर भगवान की शोभा यात्रा धूमधाम हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। तत्पश्चात महा आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया।

कार्यकर्म के दौरान पटेल महावीर, देबी, देबी धीवर सेवनी, कैलाश नाथू,राम मेट, राजू, रमेश, बालू, कल्लू, मोहन, प्रेम, महावीर, राजू भक्त, राजू साजन, पार्षद दुर्गा लाल, भेरू, भंवरलाल, मिट्ठू लाल, गोविंद, कैलाश, गणेश, नंदा, प्रेम, नारायण, राजेश, बंटी, पिंटू, परमेश्वर, सत्तू, कमलेश, मुकेश, महावीर, लालाराम कहार सहित समाज जन उपस्थित रहे।

## महावीर जयन्ती कार्यक्रम आयोजित होगा

**अजमेर, (कासं)।** वर्तमान आचार्य सम्राट श्री शिवमुनिजी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी, शासन चन्द्रिका, गुरूणीमैया श्री विजेन्द्र कुमारीजी म.सा. की सुशिष्या जिनशासन श्रृंगार वात्सल्य वारिधी उपप्रवर्तिनी महासती श्री मंजुल ज्योतिजी म.सा., युवा प्रेरिका ओजस्वी वक्ता साध्वीश्री वसुधाजी म.सा., मुस्कानप्रिय साध्वीश्री वंदिताजी म.सा., सेवाभावी साध्वीश्री विजेताजी म.सा., कोकिलकंठी साध्वी श्री वारिधीजी म.सा. आदि ठाणा-5 का मंगल प्रवेश दिनांक 17 अप्रेल को सायं 5.00 बजे मणीपुंज सेवा संस्थान में हुआ।

आपके पावन सान्निध्य में महावीर जयन्ती कार्यक्रम अजमेर जैन श्री संघ, बी.के.कौल नगर, अजमेर के तवात्वधान में आयोजित होंगे। प्रवचन दिनांक 19 अप्रेल से प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगें। जिसमें भगवान महावीर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अहिंसा परमो धर्म पर मार्मिक विवेचन दिया जायेगा।

## लोकनृत्य के माध्यम से वोट जागरूकता का दिया संदेश

- शेखावत के मार्गदर्शन में सतरंगी सप्ताह का शुभारंभ

**मसूदा, (निसं)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी लोकसभा क्षेत्र अजमेर के निर्देशानुसार आज सहायक रिटर्निंग अधिकारी मसूदा कुलदीप सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में सतरंगी सप्ताह का शुभारंभ हुआ जिसमें प्रथम दिन लोक नृत्य के माध्यम से वंचित वर्ग के मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूकता का संदेश दिया गया कार्यक्रम के दौरान हम भी नाचेंगे गाएंगे वोट डालकर आएंगे स्लोगन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई रंगारंग कार्यक्रम के दौरान राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मसूद की बालिकाओं द्वारा लोक नृत्य के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया तथा लोक नृत्य के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम की शुरुआत में तहसीलदार मसूदा श्यामलाल आमेटा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें तहसीलदार मसूदा एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मसूदा के प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं साथ ही तहसीलदार मसूदा एवं प्रधानाचार्य मसूदा एवं सतरंगी सप्ताह प्रभारी हेमलता द्वारा उपस्थित कर्मचारी विद्यार्थियों एवं मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया गया एवं मतदान के महत्व के बारे में बताया ।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्रों द्वारा लोकनाट्य का प्रस्तुत कर मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता का संदेश दिया गया लोकनाट्य की प्रस्तुति अनिरुद्ध सिंह एवं टीम द्वारा दी गई। इस दौरान सीडीपीओ मसूदा कविता डाबी, सुपरवाइजर सुमित्रा माली, लक्ष्मी गुर्जर, चंचल एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मसूदा दोनों विद्यालय के स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# डिजिटल एवं सोशल मीडिया विज्ञापनों का अधिप्रमाणन आवश्यक

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल एवं सोशल मीडिया विज्ञापनों का अधिप्रमाणन आवश्यक है तथा मतदान दिवस एवं उसके पूर्व दिवस (25 एवं 26 अप्रैल) को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने वाले विज्ञापनों का भी अधिप्रमाणन जरूरी रहेगा।


जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) नमित मेहता ने बताया कि राजनैतिक विज्ञापनों के अधिप्रमाणन के लिए जिला स्तर पर कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल एवं सोशल मीडिया के राजनैतिक विज्ञापनों का प्रसारण अधिप्रमाणन के बाद ही किया जा सकेगा। चुनाव के दौरान ई- पेपर में प्रकाशित विज्ञापनों, बल्क एसएमएस, सोशल मीडिया, वेब पोर्टल एवं मोबाइल वैन पर प्रसारित होने वाली विज्ञापन सामग्री का भी अधिप्रमाणन आवश्यक होगा। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापनों के प्रमाणीकरण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति को आवेदन करना होगा।

राजनैतिक दलों को विज्ञापन अधिप्रमाणन के लिए निर्धारित प्रपत्र में राज्य स्तर पर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बनी विज्ञापन अधिप्रमाणन समिति के समक्ष आवेदन करना होगा। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों को विज्ञापन प्रसारण की तिथि से कम से कम 3 दिन पूर्व तथा अन्य दलों को विज्ञापन प्रसारण से 7 दिन पूर्व आवेदन करना होगा। भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों को इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल व सोशल मीडिया में विज्ञापनों के प्रमाणीकरण हेतु ऑडियो/वीडियो के साथ रिटर्निंग अधिकारी की अध्यक्षता में गठित विज्ञापन अधिप्रमाणन समिति में आवेदन करना होगा। कमेटी 48 घंटे में आवेदन का निस्तारण करेगी। आवेदक को अनुलग्नक -अ में आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि आवेदक को विज्ञापन अधिप्रमाणन हेतु प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदन में विज्ञापन की दो कॉपी और प्रमाणित ट्रांसक्रिप्ट, आवेदित विज्ञापन के निर्माण एवं प्रसारण की लागत बतानी होगी। यह बताना होगा कि विज्ञापन की समस्त लागत का भुगतान चेक या ड्राफ्ट के माध्यम से किया गया है।समिति द्वारा दिए गए सुझावों को प्रत्याशी द्वारा आगामी 24 घंटे में विज्ञापन में परिवर्धन कर पुनः समिति के समक्ष रखना होगा। कमेटी अनुलग्नक-ब में प्रमाण पत्र जारी करेगी। उन्होंने बताया कि पेड न्यूज मॉनीटरिंग एवं विज्ञापन अधिप्रमाणन के लिए प्रकोष्ठ का संचालन विधिवत रूप से जिला निर्वाचन कार्यालय के कक्ष 112 में किया जा रहा है। आवेदक विज्ञापन अधिप्रमाणन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, विज्ञापन प्रसारण में केबल टेलीविजन नेटवर्क अधिनियम, 1995 और केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम 1994 के प्रावधानों का ध्यान रखा जाना आवश्यक है।


BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference





Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

**Programmes offered**

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)

**MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science)
M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

**ARCHITECTURE & PLANNING**
B.Arch.+

**LAW**
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law)

**AVIATION**
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

**LIFE SCIENCES**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology#)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)
M.Sc. (Microbiology)#

**EARTH SCIENCES**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

**MANAGEMENT STUDIES**
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research
M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

**FINE ARTS**
M.A. Music (Vocal/Sitar), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

**DESIGN**
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/ Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | M.Des.

**JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

**HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES**
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, French#)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

**EDUCATION**
B.A.B.Ed.*, B.Sc.B.Ed.* (Integrated), B.Ed., M.Ed.

**HOME SCIENCE**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

**NURSING**
B.Sc. Nursing*

#Subject to approval
+JEE-2 & NATA qualified

*Admission to this course shall be based on merit-cum-aptitude test.

**Foreign/NRI Admissions :** A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.

**Ph.D. :** Visit the University website for further details.

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2024-25 — Scan to explore for detailed information

LAST DATE FOR APPLICATION **30 April, 2024**

**SCHOOL EDUCATION DIVISION**

New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.

For admission enquiry: 9116624101, 9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

**Enquiries can be made at**
- For general enquiry: 9352879844, 9352879855, 9352879866
- For UG/PG Admissions:
  9116624102 (Engineering & Technology)
  9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
  9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
  9116624105 (Law & Management Studies)
  9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
  9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)

Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

**How to Apply**

For each programme a separate application is required through either:

**Option 1 :** Online submission of application at the University's website: **http://www.banasthali.org**

or

**Option 2 :** Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of **"Banasthali Vidyapith"** Payable at Banasthali/Jaipur to: **Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)**

Scan to explore

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : 01438-228384, 228990
Mob.: +91-9352879844, 9352879855, 9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63 | THE World University Rankings 2024 | nirf All India Rank | QS University Rankings Asia